बिहार डिजिपेक्स, 2022

चर्चा में क्यों?

24 फरवरी, 2022 को बिहार के राज्यपाल फागू चौहान ने पहली राज्यस्तरीय वर्चुअल डाक टिकट प्रदर्शनी 'बिहार डिजिपेक्स' का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- इस प्रदर्शनी का आयोजन 24 से 27 फरवरी तक बिहार डाक परिमंडल द्वारा किया जा रहा है जिसका विषय 'भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत' है।
- इस डाक टिकट प्रदर्शनी का उद्देश्य डाक टिकट संग्रहण के शौक को बढ़ावा देने के साथ-साथ डाक टिकट संग्रहकर्ताओं, विशेषकर नवोदित और युवा डाक टिकट संग्रहकर्ताओं और छात्रों को अपने संग्रह के प्रदर्शन का अवसर प्रदान करना है।
- उल्लेखनीय है कि डाक टिकट संग्रह **(philately)** को प्रोत्साहन देने के लिये केंद्र सरकार के संचार मंत्रालय के अधीन डाक विभाग ने 'दीन दयाल स्पर्श योजना' की शुरुआत की थी।
- यह पूरे भारत के स्कूली बच्चों के लिये छात्रवृत्ति योजना है। इस योजना के तहत कक्षा **VI** से **IX** तक उन बच्चों को वार्षिक तौर पर छात्रवृत्ति दी जाती है, जिनका शैक्षणिक परिणाम अच्छा है और जिन्होंने डाक टिकट संग्रह को एक रुचि के रूप में चुना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-digipex-2022